रौल नं०................................नाम परीक्षार्थी.................................

XI-26

# वार्षिक परीक्षा सन् 2025 ई०

A

# इतिहास (केवल प्रश्न–पत्र)

समय – 3.15 घण्टा | कक्षा – 11 | पूर्णांक – 100

**नोट :–** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**निर्देश**–निम्न प्रश्न–खण्डों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका पर लिखिए:–

1. मेसोपोटामिया की सभ्यता का सर्वाधिक प्रसिद्ध केन्द्र था :– 1
(अ) सुमेरिया (ब) बेबीलोनिया
(स) असीरिया (द) निनवेह।

2. मेसोपोटामिया में निम्न में से किस प्रकार के नगरों का निर्माण हुआ :– 1
(अ) शाही नगर (ब) व्यापारिक नगर
(स) धार्मिक नगर (द) ये सभी।

3. रोमन साम्राज्य के लिए कौन–सी शताब्दी संकटपूर्ण रही थी :– 1
(अ) प्रथम शताब्दी (ब) द्वितीय शताब्दी
(स) तृतीय शताब्दी (द) चतुर्थ शताब्दी।

4. निम्न में से किस सागर को रोमन साम्राज्य का हृदय कहा जाता था :– 1
(अ) भूमध्यसागर (ब) लाल सागर
(स) एगियन सागर (द) आयोनियन सागर।

5. चंगेज खान के उत्तराधिकारी ओगोदेई ने अपनी राजधानी कहाँ स्थापित की :– 1
(अ) तुर्फान (ब) कराकोरम
(स) बल्ख (द) हेरात।

6. कुरिलताई से क्या भाव है :– 1
(अ) मंगोल सरदार की सभा (ब) मंगोलिया का प्रसिद्ध पर्वत
(स) मंगोलिया की प्रसिद्ध नदी (द) मंगोलिया का प्रसिद्ध नेता।

7. मेनर का नियंत्रण किस पर होता था :– 1
(अ) राज्य पर (ब) नगरों पर
(स) ग्रामों पर (द) ग्रामीणों पर।

8. जागीर के अन्दर सर्वशक्तिशाली कौन होता था :– 1
(अ) लॉर्ड (ब) नाइट
(स) मेनर (द) कृषक।

9. 1911 में ऑस्ट्रेलिया की राजधानी किस नगर को बनाया गया :– 1
(अ) सिडनी (ब) कैनबरा
(स) पर्थ (द) मेलबर्न।

10. जापान में सम्राट को किस नाम से जाना जाता था :– 1
(अ) बादशाह (ब) सुल्तान
(स) मिकाडो (द) राजा।

(पृष्ठ पलटिए)

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न – प्रत्येक 2 अंक

11. सेण्ट ऑगस्टाइन कौन था?
12. उलुस किसे कहते हैं?
13. यूरोप में सामन्तवाद की उत्पत्ति कब हुई?
14. 'डिवाइन कॉमेडी' नामक पुस्तक किसने लिखी?
15. कनाडा की खोज किसने की थी?

## लघु उत्तरीय प्रश्न – प्रत्येक 5 अंक

16. मेसोपोटामिया में किन तीन प्रकार के नगरों का निर्माण हुआ?
17. रोमन समाज और अर्थव्यवस्था को आपकी दृष्टि में आधुनिक दर्शाने वाले आधारभूत अभिलक्षण क्या है?
18. 'यास' क्या है? इसकी उपयोगिता का वर्णन कीजिए।
19. 11वीं शताब्दी में सामन्तवाद के आधारों के कमजोर पड़ने के क्या कारण थे?
20. प्रोटेस्टैण्ट धर्म के उदय के क्या कारण थे?
21. संयुक्त राज्य अमेरिका ने एक देश के रूप में किस प्रकार अपने क्षेत्र को बढ़ाया?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न – प्रत्येक 10 अंक

22. क्या शहरी जीवन धातुओं के इस्तेमाल के बिना सम्भव होता है? इस विषय पर चर्चा कीजिए।

अथवा

चंगेज खान और मंगोलों का विश्व इतिहास में क्या स्थान हैं? संक्षेप में लिखिए।

23. मध्य युग में राज्य और चर्च के मध्य संघर्ष के क्या कारण थे? इसके क्या परिणाम हुए?

अथवा

पुनर्जागरण के प्रभाव बताइए। पुनर्जागरण के फलस्वरूप मानव–जीवन में क्या परिवर्तन हुए?

24. धर्म सुधार आन्दोलन के प्रमुख कारणों का वर्णन कीजिए।

अथवा

जापानियों और एजटेकों का यूरोपीय लोगों से जो सम्पर्क/टकराव हुआ, उसके अन्तरों की पहचान कीजिए।

25. निम्नलिखित ऐतिहासिक तिथियों से सम्बन्धित घटनाओं का उल्लेख कीजिए:– 10

(क) 3200 ई. पू. (ख) 2600 ई. पू. (ग) 2370 ई. पू.
(घ) 27 ई. (ङ) 1450 ई. (च) 1341 ई.
(छ) 1453 ई. (छ) 1497 ई. (झ) 1507 ई. (ञ) 1606 ई.

26. मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न:– 10

दक्षिणं अफ्रीका के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए।

(क) मूर्स (ख) बेदुईन (ग) सोमाली
(घ) बरबेर्स (ड़) बेजा।

नाम परीक्षार्थी.......................................अनुक्रमांक..........................

कृपया इस पन्ने को काटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में सही ढंग से संलग्न करें।

